**भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय**
**शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल**

Website:www.bsgmp.net E_bsgmadhyapradesh@gmail.com Phone ✆: 2661263, Fax: 2737446

क्रमांक/ 3599 /रामु/युवा कार्यक्रम/2017–18 भोपाल, दिनांक 8/11/2017

प्रति,

1. जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त आदिवासी विकास
   पदेन जिला मुख्य आयुक्त जिला संघ मण्डला/शिवपुरी/उमरिया/होशंगाबाद/ सतना (म0प्र0) ।
2. सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)
   भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश
   संभागीय मुख्यालय जबलपुर/ग्वालियर/शहडोल/होशंगाबाद/रींवा .(म0प्र0) ।

विषय :– राज्य स्तरीय मोंगली बाल उत्सव 2017 में सेवाकार्य एवं साहसिक गतिविधियों में सहयोग करने बाबत् ।

सन्दर्भ :– अपर संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल का पत्र क्र0/विद्या/टी/99/17/3040 भोपाल, दिनांक 2/11/2017

–0–

उपरोक्त सन्दर्भ एवं विषयान्तर्गत लेख है कि मोंगली बाल उत्सव 2017 निम्नवत 3 अभ्यारणों में किया जा रहा है । जिसमें आपके जिले के स्काउट–गाइड की सेवाओं की आवश्यकता है । अतः संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास पदेन जिला मुख्य आयुक्त से मिलकर संचालन की व्यवस्था करें । साथ ही निम्नांकित स0रा0सं0आ0/जि0सं0आ0/जिला सचिव को उनके समक्ष अंकित अभ्यारण आयोजन स्थलों पर सेवाकार्य/साहसिक गतिविधियों का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया जा रहा है । जो निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी से मिलकर कार्यक्रमानुसार मोंगली बाल उत्सव में सहयोग करेगें ।

| क्रम | कार्यक्रम स्थल | अवधि | कार्यक्रम प्रभारी | साहसिक गतिविधि प्रभारी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय उद्यान कान्हाकिसली मण्डला | 17 व 18 नवम्बर 2017 | श्री इनेन्द्र डहरवाल<br>श्री दिनेश दुबे | ब्लाइण्ड ट्रेल<br>संदेश भेजना |
| 2 | माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी | 17 व 18 नवम्बर 2017 | श्री मुकेश कुशवाह<br>श्री के0के0कोठारी | ब्लाइण्ड ट्रेल<br>संदेश भेजना |
| 3 | बांधवगढ राष्ट्रीय उद्यान उमरिया | 27 व 28 नवम्बर 2017 | श्री विश्वनाथ मिश्रा<br>श्री दिनेशचन्द्र मिश्रा | ब्लाइण्ड ट्रेल<br>संदेश भेजना |
| 4 | राष्ट्रीय उद्यान मढई जिला होशंगाबाद | 27 व 28 नवम्बर 2017 | श्री बी0एल0चौरे | ब्लाइण्ड ट्रेल<br>संदेश भेजना |

विस्तृत जानकारी हेतु मूल आदेश की प्रति संलग्न है ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

पृ क्रमांक/ 3600 /रामु/युवा कार्यक्रम/2017–18 भोपाल, दिनांक 8/11/2017

प्रतिलिपि :–1. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश गौतमनगर भोपाल ।
2. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संभाग जबलपुर/ग्वालियर/शहडोल/होशंगाबाद/रींवा
3. संभागीय उपायुक्त, अनुसूचित जाति एवं आदिवासी संभाग जबलपुर/ग्वालियर/शहडोल / होशंगाबाद /रींवा .(म0प्र0) ।
4. संबंधित ....................................................................................की ओर पालनार्थ ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

E:\Activity_Gatividi\ACTI S-G 2017-18\ACTIVITI S-G Letter.docx-sahu-57

Soc(S)
AL 3.XI.17

लोक शिक्षण संचालनालय
मध्यप्रदेश

क्रमांक विद्या/टी/99/17/3040 भोपाल, दिनांक 02/11/2017

प्रति,

1. संयुक्त संचालक लोक शिक्षण,
   जबलपुर, ग्वालियर, शहडोल, नर्मदापुरम संभाग
2. जिला शिक्षा अधिकारी,
   मण्डला, शिवपुरी, उमरिया, होशंगाबाद

विषय :- राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव 2017 के 4 अभ्यारण्यों में आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश ।

संदर्भ :- इस कार्यालय का पत्र क्रमांक विद्या/टी/99/17/2309 दिनांक 21.8.17

--000--

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र द्वारा मोगली बाल उत्सव 2017 के जिला स्तर तक की प्रतियोगिताओं के आयोजन के संबंध में निर्देश दिये गये थे का अवलोकन करें । तद्क्रम में प्रदेश के चार अभ्यारण्यों में राज्य स्तरीय आयोजन के संबंध में आयोजन की तिथि का निर्धारण एवं कार्यक्रम का स्वरूप निम्नानुसार है:-

| स. क्र. | अभ्यारण्य का नाम एवं आयोजन स्थल | अभ्यारण्य में शामिल होने वाले जिलों के नाम | राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव की तिथियॉ | एकत्रीकरण स्थल का नाम एवं मोगली दल के एकत्रीकरण स्थल पर पहुॅचने की तिथि | कार्यक्रम के समापन पश्चात कार्यक्रम स्थल से गृह जिले को प्रस्थान की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय उद्यान कान्हा, जिला मण्डला | मण्डला जबलपुर, बालाघाट, सिवनी, डिण्डोरी, छिन्दवाडा, नरसिंहपुर, रायसेन, बैतूल, सागर, देवास, दमोह, रतलाम (13 जिले) | 17 – 18 नवम्बर 2017 | भारत ज्योति उ0मा0वि0 बस स्टेण्ड के पास मण्डला 16 नवम्बर 2017 अपरान्ह 2 बजे तक | दिनांक 19 नवम्बर 2017 प्रातः 6.00 बजे से |
| 2 | माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी | श्योपुर, मुरैना, भिण्ड, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, नीमच, मंदसौर, आगरमालवा, शाजापुर, राजगढ़ (13 जिले) | 17 – 18 नवम्बर 2017 | शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. शिवपुरी- दिनांक 16 नवम्बर 2017 अपरान्ह 2 बजे तक | दिनांक 19 नवम्बर 2017 प्रातः 6.00 बजे से |
| 3 | राष्ट्रीय उद्यान बॉधवगढ़ जिला उमरिया, | उमरिया, रीवा, शहडोल, अनूपपुर, सिंगरोली, सीधी, सतना, कटनी, छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, विदिशा (12 जिले) | 27-28 नवम्बर 2017 | 26 नवम्बर 2017 अपरान्ह 2 बजे तक शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. शहीद भगत स्टेडियम के पास, उमरिया | दिनांक 29 नवम्बर 2017 प्रातः 6.00 बजे से |
| 4 | राष्ट्रीय उद्यान मढ़ई जिला होशंगाबाद | होशंगाबाद, हरदा,, खण्डवा, बुरहानपुर, भोपाल, सीहोर, इन्दौर, उज्जैन, खरगौन, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, धार, (13 जिले) | 27 – 28 नवम्बर 2017 | शा. एस.एन.जी. उ. मा.वि. होशंगाबाद- दिनांक 26 नवम्बर 2017 अपरान्ह 2 बजे तक | दिनांक 29 नवम्बर 2017 प्रातः 6.00 बजे से |

राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव 2017 का आयोजन उपरोक्तानुसार दो चरणों में किया जायेगा । आयोजन के कार्यक्रमों का निर्धारण एवं आयोजित की जाने वाली गतिविधियों का विवरण आयोजन के सहभागी विभागों द्वारा की जाने वाली कार्यवाही आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा की जाने वाली कार्यवाही, आवश्यक सामग्री का विवरण परिशिष्ट ' **एक, दो, तीन एवं चार** ' पर है । आयोजन स्थल पर जिलों से पहूँचने वाले मोगली दलों के **पंजीयन का प्रपत्र 'एक' एवं किट वितरण पंजी का प्रपत्र 'दो'** का प्रारूप संलग्न है जिसके अनुसार संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा व्यवस्था सुनिश्चित की जावेगी ।

2/ उक्त अनुसार राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव के आयोजन में उपस्थित होने वाले सहभागियों के लिये अन्य निर्देश निम्नानुसार हैं :–

2.1 अभ्यारण्य में शामिल होने वाले जिलों से चयनित दो छात्र एवं दो छात्राऐं तथा एक दल प्रभारी शिक्षिका एवं एक ईको क्लब प्रभारी शिक्षक इस प्रकार एक जिले से कुल 6 सदस्यों का मोगली दल सहभागिता करेगा ।

2.3 सहभागियों एव दल प्रभारी शिक्षक/शिक्षिकाओं के साथ उनके परिवार का कोई सदस्य न जावे यदि कोई शिक्षक या शिक्षिका उनके साथ परिवार के सदस्य को ले जावेंगे तो उन्हें आयोजन में सहभागिता करने की अनुमति नहीं दी जावे ।

2.4 एकत्रीकरण स्थल पर नियत किये गये कंट्रोल रूम का एवं कंट्रोल रूम प्रभारी का फोन नं. /मोबाईल नम्बर जिले के दल प्रभारी शिक्षक एवं शिक्षिका द्वारा पूछे जाने पर उनको तत्काल उपलब्ध करावें एवं एकत्रीकरण स्थल के संबंध में आपके जिले में सहभागिता करने वाले जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों को पूर्ण जानकारी दी जाये ।

2.5 एकत्रीकरण स्थलों पर सहभागी छात्र–छात्राओं एव दल प्रभारियों के पहूँचने पर उनके सुलभ प्रसाधन, स्वल्पाहार, भोजन एवं अभ्यारण्य पहूँचने तथा वापस होने पर उनके गृह नगर के प्रस्थान होने तक की बेहतर व्यवस्था जिला शिक्षा अधिकारी मण्डला, उमरिया, शिवपुरी एवं होशंगाबाद द्वारा सुनिश्चित की जाये ।

2.6 एकत्रीकरण स्थल से अभ्यारण्य हेतु परिवहन व्यवस्था इस तरह से की जाये कि सभी प्रतिभागी आयोजन स्थल पर दिनांक 16 एवं 26 नवम्बर 2017 सायंकाल 5.00 बजे तक आवश्यक रूप से आयोजन स्थल पर पहुँच जावें ।

2.7 आयोजक जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा जिला कलेक्टर के माध्यम से मोगली दलों के अभ्यारण्य में भ्रमण/सफारी हेतु प्रवेश शुल्क में छूट का प्रस्ताव कार्यालय मुख्य वन संरक्षक बन्य प्राणी एवं संबंधित डी.एफ.ओ. भेजकर अभ्यारण्य में प्रवेश हेतु शुल्क में छूट की अनुमति प्राप्त की जाये ।

2.8 आयोजक जिला शिक्षा अधिकारी जिला कलेक्टर एवं संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण से संपर्क कर कार्यक्रम की पूर्ण जानकारी प्रतिवेदित करेंगे एवं आयोजन स्थलों पर स्वास्थ्य, सुरक्षा, एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ।

2.9 राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव के आयोजन की समस्त गतिविधियॉ जैसे मोगली किट वितरण, जंगल सफारी, नेचर ट्रेल, ट्रेजर हंट, साहसिक गतिविधियॉ, चित्रकला, वन मिनिट शो प्रश्न मंच, मोगली मित्रों द्वारा पर्यावरण, वन्य प्राणी संरक्षण विषयों पर तैयार किये गये समाचार पत्रों का प्रदर्शन एवं वन्य प्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित फिल्म का प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि गतिविधियॉ, संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, जैव विविधता बोर्ड, ईको पर्यटन बोर्ड, पर्यावरण नियोजन एवं संगठन तथा स्काउट गाईड के सदस्यों द्वारा संपन्न कराई जायेगी ।

2.9 उक्त आयोजन का पर्यवेक्षण संबंधित संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग जबलपुर, ग्वालियर, शहडोल एवं नर्मदापुरम संभाग करेंगें तथा आयोजन की पूर्व तैयारियों की समीक्षा करेंगें एवं आयोजन के उद्‌घाटन से समापन तक समस्त कार्यवाही संपन्न कराने हतु उत्तरदायी होंगें ।

2.10 राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव के सहयोगी विभाग ईको पर्यटन विकास बोर्ड, पर्यावरण नियोजन एवं समन्वयक संगठन, म0प्र0 राज्य जैव विविधता बोर्ड, राज्य स्काउट एवं गाईड हैं इनके अधिकारी एवं इनके द्वारा नियुक्त सहजकर्ता शिक्षक एवं साहसिक गतिविधि कराने वाले स्काउट एवं गाईड के सदस्य आयोजन में उपस्थित रहेंगे और मोगली बाल उत्सव की सभी गतिविधियों को पूर्व वर्षो की भॉति सम्पन्न कराऐंगे ।

''आयुक्त द्वारा अनुमोदित''

(डी0एस0 कुशवाह)
अपर संचालक लोक शिक्षण
मध्यप्रदेश

पृ0क0 विद्या/टी/100/17/3041 भोपाल, दिनांक 02/11/2017

प्रतिलिपि :–

1/ आयुक्त राज्य शिक्षा केन्द्र, पुस्तक भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल
2/ आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, सतपुड़ा भवन भोपाल
3/ मुख्य वन संरक्षक, (वन्य प्राणी) सतपुड़ा भवन, भोपाल
4/ प्रबंध संचालक, म0प्र0 पाठ्य पुस्तक निगम, पुस्तक भवन अरेरा हिल्स, भोपाल
5/ जिला कलेक्टर, मण्डला, शिवपुरी, उमरिया, होशंगाबाद म0प्र0
6/ मुख्य कार्यपालन अधिकारी ईको पर्यटन विकास बोर्ड, उर्जा भवन, लिंक रोड़ नं.–2, शिवाजीनगर भोपाल
7/ कार्यपालक संचालक पर्यावरण नियोजन एवं समन्वयक संगठन, ई–5 सेक्टर (एप्को) अरेरा कालोनी भोपाल
8/ सचिव, भारत स्काउट एवं गाईड, श्यामला हिल्स, भोपाल की ओर भेजकर लेख है कि उपरोक्तानुसार राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव 2017 के आयोजन में छात्र–छात्राओं के लिये साहसिक गतिविधियॉ कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें ।
9/ सचिव, म0प्र0 राज्य जैव विविधता बोर्ड, किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक आगामी कार्यवाही हेतु ।

अपर संचालक लोक शिक्षण
मध्यप्रदेश

परिशिष्ट–एक

# राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव 2017 के कार्यक्रम का निर्धारण

## ( प्रथम चरण दिनांक 16–19 नवंबर एवं द्वितीय चरण 26–29 नवंबर 2017)

## 1–प्रथम दिवस

अपने–अपने जिलों से प्रस्थान कर मोगली दलों का अपरान्ह 2 बजे तक आयोजक जिले के एकत्रीकरण स्थल पर पहुचना एवं सायकाल 5 बजे तक आयोजन स्थल अभ्यारण्य में पहुँचना

## 2. आयोजन के द्वितीय दिवस की गतिविधियों एवं समय का निर्धारण

1. जंगल सफारी 7 जिले प्रातः 5.30 से 11.30
2. नेचर ट्रेल, ट्रेजर हंट गतिविधि (ग्राम भ्रमण) 6 जिले प्रातः 6.30 से 10.30
3. 10.30 से साहसिक गतिविधियॉ– स्काउट एवं गाईड
4. भोजन अवकाश एवं विश्राम 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक
5. दोपहर 2.30 से 4.30 तक सहजकर्ताओं द्वारा सभी प्रतिभागियों हेतु चित्रकला, वन मिनिट शो एवं एप्को द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन ।
6. सायं 4.30 से 5.30 चाय एवं नाश्ता
7. सायंकाल 6 बजे से 8.00 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम, मोगली मित्रों द्वारा पर्यावरण, वन्य प्राणी संरक्षण आदि विषयों पर तैयार किये गये समाचार पत्रों का प्रदर्शन/फिल्म प्रदर्शन ।
8. रात्रि 8.00 बजे से 9.00 बजे तक रात्रि भोजन
9. रात्रि 9.00 बजे से विश्राम

## 3. आयोजन के तृतीय दिवस की गतिविधियों एवं समय का निर्धारण

1. जंगल सफारी 6 जिले प्रातः 5.30 से 11.30
2. नेचर ट्रेल, ट्रेजर हंट एवं गतिविधि (ग्राम भ्रमण) 7 जिले प्रातः 6.30 से 10.30
3. साहसिक गतिविधियॉ– स्काउट एवं गाईड
4. भोजन अवकाश एवं विश्राम 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक
5. दोपहर 2.30 से 4.30 तक सहजकर्ताओं द्वारा सभी प्रतिभागियों हेतु जैव विविधता खोजें, चित्र पहेली, फीड बैक प्रपत्र एवं निबन्ध प्रतियोगता का आयोजन एवं समाचार पत्रों का प्रदर्शन ।
6. सायं 4.30 से 5.00 चाय एवं नाश्ता
7. सायंकाल 5 बजे से राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव 2017 का समापन समारोह एवं स्मृति चिन्ह वितरण, प्रमाण पत्र वितरण ।
8. रात्रि 8.00 बजे से 9.00 बजे तक रात्रि भोजन
9. रात्रि 9.00 बजे से विश्राम

## 4. आयोजन स्थल से प्रस्थान चतुर्थ दिवस

1. प्रातः 6.00 बजे से मोगली दलों का अपने–अपने गृह जिले की ओर प्रस्थान